# **प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 13.04.2019

फगड़ा घुड़ला भौलावणी गणगौर दिनांक 14.04.2019 को सांय 06.30 बजे से मनाया जायेग। इस अवसर पर फगड़ा घुड़ला भोलावणी गणगौर की सवारियों का जुलूस ओलम्पिक सिनेमा, गांधी स्कूल, जालोरीगेट, बालवाड़ी स्कूल से होकर खाण्डाफलसा, आडाबाजार व सिरे बाजार होता हुआ घण्टाघर, नई सड़क पर करीब मध्य रात्रि को पहुंचकर समाप्त होगा। इस जुलूस में काफी तादात में विभिन्न प्रकार की झांकियां ट्रेक्टर ट्रोली, ठेला, तांगा इत्यादि पर निकाली जायेगी। इस जुलूस के दौरान यातायात की विशेष व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी।

1. जुलूस के दौरान ओलम्पिक तिराहा से जालोरी गेट के बीच सभी प्रकार वाहनों का आवागमन पूर्णतया निषेध रहेगा।
2. जुलूस का अगला सिरा जालोरी गेट पहुँचने पर शनिश्चरजी का थान, पांचवी रोड़ की तरफ से आने वाले यातायात को सरदारपुरा की तरफ डाईवर्ट किया जायेगा। इसी प्रकार नई सड़क से जालोरीगेट की तरफ जाने वाला यातायात पुरी तिराहा, रेल्वे स्टेशन, ओलम्पिक तिराहा, तारघर मोड़, मेहता भवन, जलजोग होते हुए 12वीं रोड़ की तरफ संचालित होगा।यह प्रतिबन्ध रूग्ण एवं मरीजों के अस्पताल आवागमन पर प्रभावी नहीं होगा।
3. जुलूस के दौरान जालोरीगेट, आडाबाजार से सिरे बाजार, घण्टाघर नई सड़क तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।
4. जुलूस का पिछला सिरा जालोरी गेट चौराहा पार करने पर शनिश्चरजी का थान से नई सड़क चौराहा तरफ एवं नई सड़क से शनिश्चरजी का थान की तरफ जाने वाला यातायात हमेशा की तरह संचालित होगा।
5. जुलूस घण्टाघर चौराहा पहुँचने पर जवाहर खाना मोड़ से घण्टाघर चौराहा, पन्नानिवास से घण्टाघर चौराहा, घण्टाघर द्वितीय पोल पुलिस चौकी से घण्टाघर चौराहा के बीच सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन निषेध रहेगा।

आमजन से अपील की जाती हैं कि वह किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए कृपया वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें।

आपके सहयोग की अपेक्षा में – यातायात पुलिस, कमिश्नरेट जोधपुर

ओर से
यातायात पुलिस,
पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर